## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 31.12.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. चतरा जिले में केंद्रीय अन्वेषण अभिकरण– एनआईए के दल ने उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के ठिकानों पर की छापेमारी, कई मोबाइल फोन और सिम कार्ड जब्त।
2. राज्य में अवैध अफीम की खेती के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई जारी, पश्चिमी सिंहभूम और खूंटी में अफ़ीम की फ़सल को किया गया नष्ट।
3. लातेहार में पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, भाकपा माओवादी का सदस्य चन्द्रदेव सिंह गिरफ्तार ।
4. नए साल को देखते हुए लोगों में उत्साह, सैलानियों की सुविधा के लिए किए जा रहे हैं व्यापक इंतजाम।
5. 9वीं राष्ट्रीय लॉन बॉल में झारखंड को मिला स्वर्ण, दिनेश–सुनील की जोड़ी ने किया कमाल।

********************

चतरा जिले के सिमरिया और लावालौंग में केंद्रीय अन्वेषण अभिकरण– एनआईए के अधिकारियों के दल ने उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के तीन ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान कुछ लोगों से पूछताछ की गई और कई मोबाइल फोन, सिम कार्ड और कुछ दस्तावेज भी जब्त किए गए। एनआईए की तरफ से टीएसपीसी के खिलाफ यह कार्रवाई 2016 में टंडवा थाने में दर्ज लेवी वसूली और धनशोधन से जुड़े एक मामले में की गई है।

********************

राज्य में अवैध अफीम की खेती के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई जारी है। पश्चिमी सिंहभूम ज़िले के बंदगांव प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने लगभग चार एकड़ ज़मीन पर लगी अफ़ीम की फ़सल नष्ट कर दी।

इधर, खूंटी जिले के कर्रा, अड़की समेत कई प्रखंडों में जिला प्रशासन ने ट्रैक्टर और अन्य संसाधनों का उपयोग कर अवैध अफीम की फसलों को नष्ट कर दिया। खूंटी उपायुक्त लोकेश मिश्र ने आम जनता से अपील की है कि वे अवैध गतिविधियों की जानकारी प्रशासन को दें ताकि जिले को अपराधमुक्त बनाया जा सके।

********************

गुमला जिले में पुलिस ने 80 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस शांति नगर कब्रिस्तान के पीछे मैदान पहुंची जहां युवक ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार हुआ।

********************

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो ने कल रात स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट– स्पेडेक्स मिशन का सफल प्रक्षेपण किया। श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से इसरो के पीएसएलवी–सी60 रॉकेट ने दो उपग्रहों को पृथ्वी की निचली कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया।

********************

रेल मंत्रालय, प्रयागराज महाकुंभ के लिए तीन हजार विशेष रेलगाड़ियों का संचालन करेगा। इनमें एक हजार आठ सौ छोटी दूरी और सात सौ लंबी दूरी के लिए रेलगाड़ियां चलाई जाएंगी। महाकुंभ का आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी तक उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में होगा। रेल मंत्रालय ने बताया है कि मेला क्षेत्र के अलावा प्रयागराज के नौ रेलवे स्टेशनों पर पांच सौ साठ स्थानों पर टिकट उपलब्ध कराई जायेंगी। महाकुंभ के लिए रेलवे ने 15 दिन पहले रेलवे टिकट जारी करने की सुविधा शुरू कर दी है।

********************

लातेहार जिले में पुलिस ने भाकपा माओवादी के सक्रिय सदस्य चंद्रदेव सिंह को गिरफ्तार कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने चन्द्रदेव सिंह के पास से दो एके–47 राइफल, एके–47 राइफल के चार मैगजीन, 91 जिंदा कारतूस, और अन्य सामान बरामद किया है। लातेहार एस पी कुमार गौरव ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एक टीम का गठन किया गया और छापेमारी अभियान चलाकर चन्द्रदेव सिंह को गिरफ्तार किया गया।

गौरतलब है कि गिरफ्तार नक्सली पर लातेहार जिले के विभिन्न थानों में कुल छह आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह पिछले महीने भाकपा माओवादी जोनल कमांडर छोटू खेरवार की हुई हत्या में मुख्य आरोपी है।

********************

वर्ष 2024 के समापन के अवसर पर आज समाचार एकांश द्वारा (ईयर एन्डर – 2024) प्रसारित किया जाएगा। इसे आप सुन सकेंगे आज रात सवा आठ बजे आकाशवाणी रांची के प्राइमरी चैनल पर।

********************

नए साल को देखते हुए लोगों में उत्साह का माहौल है। राज्य में सैलानियों की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। इधर जमशेदपुर टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क में नए साल का जश्न मनाने के लिए सैलानियों की भीड़ उमड़ रही है। पार्क के डायरेक्टर नदीम अख्तर ने बताया कि हफ्ते में एक दिन सोमवार को पार्क बंद रहता है, लेकिन बड़ी संख्या में लोग आने के कारण सोमवार को भी पार्क खोल दिया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले साल 1 जनवरी को पांच हजार एक सौ सैलानियों ने शिरकत की थी, लेकिन इस बार 30 दिसम्बर को ही सात हजार से ज्यादा विजिटर आए।

********************

देवघर में बाबा मंदिर प्रभारी सह एसडीओ रवि कुमार ने नए वर्ष के आगमन को लेकर बाबा मंदिर प्रांगण और आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शौचालय की सफाई, शुद्ध पेयजल की व्यापक व्यवस्था के साथ स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिया गया है।

********************

गढ़वा ज़िले में मत्स्य कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों से मछली पालकों और किसानों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीणों को जोड़ना और आत्मनिर्भर बनाना है।

********************

राज्य में पिछले कुछ दिनों की बारिश के बाद तापमान में गिरावट देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार साल के अंत और नए साल की शुरुआत में राज्य में ठंड बढ़ने की संभावना है। रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य के उत्तरी भाग में घना कोहरा देखने को मिलेगा।

********************

9वीं राष्ट्रीय लॉन बॉल प्रतियोगिता में झारखंड के दिनेश और सुनील की जोड़ी ने दिल्ली को फाइनल में 22–11 से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं झारखंड महिला फोर्स की लवली चौबे, रूपा रानी तिर्की, कविता और रेशमा की टीम ने फाइनल में रजत पदक जीता।

********************